हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 हथबंद स्कूल में एनएसएस पदाधिकारियों का चयन


11 श्री नवयुवा मित्र मंडल टंडवा ...




B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25

# ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाएगा 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एक और ऐतिहासिक पहल की है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) द्वारा तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' का शुभारंभ 31 अगस्त 2025 को दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर सहित राज्य के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होगा, साथ ही इसकी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग भी की जाएगी, जिससे राज्यभर के लोग जुड़ सकें। यह कार्यक्रम न केवल शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएगा, बल्कि महिलाओं की आवाज़ को समाज के हर कोने तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री, और राज्य के उपमुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री विजय शर्मा ग्रामीण महिलाओं के नाम प्रेरणादायी संदेश प्रसारित करेंगे। यह पहल शासन की नीतियों को सीधे समुदाय तक पहुँचाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

**31 अगस्त को दोपहर 12:15 बजे होगा प्रसारण, आकाशवाणी के सभी केंद्रों से लाइव**

### महिलाओं को शासन से जोड़ने की अनूठी पहल

'दीदी के गोठ' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह सरकार की संवेदनशील और दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की संघर्ष गाथाओं, उपलब्धियों और विचारों को सामने लाना, उन्हें प्रेरित करना और शासन की योजनाओं से जोड़कर सकारात्मक बदलाव की दिशा में अग्रसर करना है।



### सभी पंचायतों में होगा सामूहिक श्रवण

'दीदी के गोठ' कार्यक्रम के प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए पंचायत, ग्राम संगठन और संकुल संगठन स्तर पर सामूहिक श्रवण की व्यवस्था की जा रही है। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय समुदाय और स्व-सहायता समूहों की दीदियाँ शामिल होंगी। सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुनने से ग्रामीणों के बीच संवाद, प्रेरणा और चर्चा का सशक्त वातावरण बनेगा।

## खबर संक्षेप

### 2 सितंबर को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी के मार्गदर्शन मे सिविल अस्पताल भाटापारा मे 2 सितम्बर मंगलवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें रक्तदान करने वालो से अपील की गई है इस पुण्य कार्य मे अपनी सहभागिता निभाकर पुण्य लाभ ले क्योंकि आपके द्वारा दान किया गया रक्त जरूरत मंद को नई जिन्दगी प्रदान कर सकता है।उक्त जानकारी स्टोर प्रभारी नितिन डहरिया ने दी।

### पर्यूषण महापर्व पर आर्जव धर्म की हुई पूजा

**बलौदाबाजार।** जैन समाज द्वारा



मनाए जा रहे महाधिराज पर्यूषण महापर्व के तीसरे दिन आर्जव धर्म की आराधना की गई। इस अवसर पर भगवान सुपार्षनाथ महावीर स्वामी की प्रतिमाओं पर विधिपूर्वक शांति धारा की गई। भिंड से पधारे पंडित जी ने प्रवचन में कहा कि छल, कपट और दिखावे से दूर रहकर सच्चाई व सरलता का पालन करना ही उत्तम आर्जव धर्म है। समाज को आर्जव धर्म के महत्व से अवगत कराते हुए उन्होंने दश लक्षणों में निहित जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

### विधायक प्रतिनिधि बने

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संतोष राजू साहू को आबकारी विभाग प्रतिनिधि नियुक्त किया है। राजू साहू ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया है कि वे इस नई जिम्मेदारी का ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उक्ताशय की जानकारी अजय बंजारे ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

### 21 खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय के क्रीडा विभाग में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे ने की। खेल दिवस पर विधायक ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के 21 ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने सत्र 2024 25 में पूर्वी क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ऐसे खिलाड़ियों को विधायक द्वारा मेडल एवं ट्रैकशूट से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले खिलाड़ी प्रीति, हसीना, सूरज (कबड्डी), देव कुमार, प्रवीण कुमार, चंचल सिंह (कराते), भावेश, चंद्रकांत (क्रिकेट), नीलम (तीरंदाजी), सीमा, अनामिका, पूजा, जयचंद, चंदन, सकलेन अहमद, प्रवीण साहू (हैंडबॉल), आशा वर्मा, दीपशिखा, मुरली सिंह, जुगेश नाथ (बॉल बैडमिंटन), पूनम (सॉफ्टबॉल) शामिल है।

**कार्रवाई : 58 प्रतिभागियों ने ली भागीदारी, ट्रक की बोली सबसे ऊंची**

# राजसात वाहनों की नीलामी से पुलिस ने अर्जित किया 21 लाख का राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ एसडीएम व एसडीओपी की मौजूदगी में हुई पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में राजसात और लदावा वाहनों की सार्वजनिक नीलामी प्रक्रिया शुक्रवार को सिमगा थाना परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रक्रिया में कुल 58 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न वाहनों पर कुल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के विभिन्न थाना व चौकियों में आबकारी एक्ट एवं कृषक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जप्त किए गए वाहनों को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार शासन के पक्ष में राजसात कर नीलामी हेतु प्रस्तुत किया गया था। इसके लिए 22 अगस्त को विज्ञापन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्रसारित की गई थी। आम लोगों को पूर्व निर्धारित तारीख तक डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया था। 30 अगस्त को थाना सिमगा में आयोजित नीलामी प्रक्रिया में एसडीएम सिमगा, एसडीओपी भाटापारा, रक्षित निरीक्षक बलौदाबाजार व अन्य अधिकारियों की समिति की निगरानी में नीलामी पूरी पारदर्शिता के साथ कराई गई। नीलामी के अंतर्गत ट्रक पर 8,75,000 और एक चारपहिया वाहन पर 2,62,000 की सबसे बड़ी बोली लगाई गई।





### खरीदारों से कागजी प्रक्रिया पूरी की गई

नीलामी में कुल 11 वाहनों की बोली लगाई गई, जिससे 21,19,000 की राशि शासन को राजस्व के रूप में प्राप्त होगी। मौके पर ही खरीदारों से संबंधित कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। इस सफल आयोजन से यह संदेश गया कि अवैध गतिविधियों में जब्त संपत्ति का उपयोग राज्यहित में किया जा सकता है।

### नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मिसाल

सभी वाहनों को पूर्व में थाना सिमगा, थाना कसडोल एवं पुलिस चौकी सोनाखान में आमजन के अवलोकन हेतु रखा गया था। बोली प्रक्रिया सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई और दोपहर 1 बजे तक लगातार चली। समस्त कार्यवाही नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में नियमानुसार संपन्न कराई गई, जिससे आम जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता की भावना मजबूत हुई।



# पेट्रोल टैंकर में लगी भीषण आग इलाके में मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला/पलारी

■ सेमरिया हाथीपाठ मार्ग पर दोपहर को लगी आग, काले धुएं से ढका आसमान

संडी बंगला से महज़ 15 किलोमीटर दूर खरतोरा-लवन मार्ग पर सेमरिया हाथीपाठ मार्ग पर शनिवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक पेट्रोल टैंकर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते टैंकर आग के गोले में बदल गया, और आसमान में काला धुआं फैल गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी ▶▶ शेष पेज 11 पर

### घटना की होगी जांच

प्रशासन ने यह भी कहा कि घटना की जांच के बाद ही कारणों का खुलासा किया जा सकेगा। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल इलाके में स्थिति नियंत्रित है और कोई बड़ा खतरा नहीं है।

### आग के कारण धमाकों जैसी आवाजें, दहशत का माहौल

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पेट्रोल टैंकर में आग लगने के दौरान जोरदार धमाके जैसी आवाजें आईं, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। आग लगने के बाद प्रशासन ने घटनास्थल को घेर लिया और राहत कार्य शुरू कर दिया। प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, आग के कारण टैंकर पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, और न ही इस हादसे में कोई जनहानि हुई है। प्रशासन ने इस घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है, ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

# सुढेली में आबकारी विभाग की कार्रवाई 50 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ 10 हजार की अवैध शराब और 32 हजार से अधिक कीमत की लाहन जब्त

आबकारी विभाग ने ग्राम सुढेली में अवैध महुआ शराब निर्माण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 बल्क लीटर महुआ मदिरा जब्त की है। साथ ही, तालाब किनारे 27 प्लास्टिक झिलियों में संग्रहित 540 किलो महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। यह कार्रवाई शुक्रवार को विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें आबकारी टीम ने ग्राम सुढेली में दबिश देकर शराब निर्माण के लिए उपयोग की जा रही सामग्री ▶▶ शेष पेज 11 पर



### इन लोगों संभाला मोर्चा

इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह ने किया। उनके साथ आबकारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार साहू, पी. माधव राव, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा, प्रधान आरक्षक सुखसागर मरावी और आरक्षक भोला टंडन की टीम भी शामिल रही। पूरी कार्रवाई विभागीय नियमों के अंतर्गत की गई।

### अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान जारी


आबकारी विभाग द्वारा बताया गया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। विभाग का उद्देश्य है कि अवैध मदिरा निर्माण और तस्करी को पूरी तरह रोका जाए। विभाग की अपील है कि आमजन इस तरह की किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# ऑनलाइन मंगाए गए धारदार हथियारों पर पुलिस की सख्ती, 24 चाकू बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ अमेजॉन फ्लिपकार्ट मीशो से मंगाए जा रहे चाकू पर कसा शिकंजा

जिले में सोशल मीडिया पर चाकू और अन्य धारदार हथियारों के साथ युवाओं की फोटो-वीडियो अपलोड करने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर साइबर सेल बलौदाबाजार द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, मीशो जैसी शॉपिंग साइट्स से ऑनलाइन मंगाए गए कुल 24 चाकू व अन्य धारदार हथियारों को बरामद किया गया है।



इन हथियारों की खरीद-फरोख्त पर नजर रखने के लिए पिछले एक वर्ष में जिलेभर में किए गए ऑर्डर्स की मॉनिटरिंग की गई। अधिकतर चाकू घरेलू उपयोग के लिए मंगवाए गए थे, लेकिन उनके दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए इन्हें जब्त किया गया। साथ ही, ऐसे ऑर्डर करने वालों की जांच-पड़ताल की गई, जिसमें किसी के विरुद्ध पूर्व में आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं पाया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि शौकिया या स्टाइल के लिए इस प्रकार के चाकू ऑनलाइन ऑर्डर न करें, ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 15 लोगों पर हो चुकी है कार्रवाई

इस माह पूर्व में ही 8 अलग-अलग मामलों में 15 युवाओं के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। इन युवाओं ने सोशल मीडिया पर धारदार चाकू के साथ फोटो-वीडियो अपलोड किए थे। पुलिस का कहना है कि यह प्रवृत्ति समाज में अपराध और हिंसा की मानसिकता को बढ़ावा दे रही है, जिसे रोकना जरूरी है।

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर नवापारा स्कूल में हुआ प्रेरणादायक आयोजन**

# खेल संस्कृति को बढ़ावा देने विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को याद कर किया गया खेलों का सम्मान

विकासखंड सिमगा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही खिलाड़ियों को उनके जीवन और खेल के प्रति समर्पण के बारे में विस्तार से बताया गया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल उपकरणों जैसे हॉकी स्टिक, भाला, बैडमिंटन रैकेट, शतरंज, केरम आदि की पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों ने खेल के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक टी.आर. साहू ने विद्यार्थियों को जीवन में खेल और पढ़ाई के बीच संतुलन बनाए रखने की सलाह दी, जबकि व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने खेल, एनसीसी, स्काउट जैसी गतिविधियों में पालकों की जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने पालक दुखहरन साहू का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके सहयोग व जागरूकता से उनकी दोनों बेटियाँ पढ़ाई के साथ-साथ एनसीसी, स्काउट गाइड और सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में खेल व अन्य गतिविधियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।



### खेल सामाग्री की पूजा की, विद्यार्थी उत्साहित

कार्यक्रम में सभी खेल सामग्रियों की तिलक वंदना कर विद्यार्थियों में खेलों के प्रति सम्मान और ऊर्जा का संचार किया गया। बच्चों ने खेलों को पढ़ाई जितना ही महत्वपूर्ण बताते हुए पूरी निष्ठा से खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम में प्राचार्य गणेशराम घीतकर, संकुल समन्वयक फलेंद्र, शिक्षक उत्तम साहू, महेश शुक्ला सहित समस्त स्टाफ और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरखोर में 120 मवेशियों को लगाया गया टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ स्वास्थ्य जांच, कृमिनाशक दवा व औषधि वितरण भी हुआ

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर पशु चिकित्सा विभाग ने शनिवार को ग्राम सरखोर में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में 120 मवेशियों को लंपी स्किन डिज़ीज से बचाव हेतु टीकाकरण, 30 को कृमिनाशक दवा, 1 में कृत्रिम गर्भाधान एवं 11 को औषधि वितरण किया गया।

डॉ. नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में मोबाइल वेट यूनिट और अहिल्दा पशु चिकित्सालय की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन ने ग्रामीण पशुपालकों को राहत और भरोसा दोनों प्रदान किया।





**गौठान बना मिसाल:** सरखोर गौठान में लगभग 160 मवेशी रखे गए हैं जिनके लिए ग्राम पंचायत ने चार पशु चरवाहा नियुक्त किए हैं। ये चरवाहे प्रतिदिन 5-6 घंटे मवेशियों को चराने ले जाते हैं। चारा, पानी, और देखभाल ▶▶ शेष पेज 11 पर

# मंडल अध्यक्ष से लेकर मंत्री तक की शिव प्रकाश, नितिन और अरुण सिंह लेंगे क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के मंडल अध्यक्ष से लेकर मंत्रियों तक की रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन क्लास लेंगे। दरअसल भाजपा में बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर संगठन में बड़ा बदलाव हो गया है।

ज्यादातर मंडलों के साथ एक जिले रायपुर ग्रामीण को छोड़कर बाकी सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो गया है। अब सभी 476 मंडलों और भाजपा के 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसदों को रविवार की सुबह 11.30 बजे से लेकर रात तक भाजपा के राष्ट्रीय नेता मार्गदर्शन देंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का भी मार्गदर्शन नए पदाधिकारियों को मिलेगा। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने पहले सदस्यता अभियान चलाकर रिकॉर्ड 60 लाख सदस्य बनाने का काम किया। इसके बाद पहले बूथों के चुनाव कराए गए। भाजपा के पहले 405 मंडल थे। इसमें 71 और नए मंडल बनाकर मंडलों की संख्या 476 कर दी गई है। इसी के साथ 35 संगठन जिलों में एक बिलासपुर ग्रामीण जिला बनाकर इनकी संख्या को 36 कर दिया गया है। प्रदेश संगठन ने मंडलों के साथ ही जिलों में भी जिलाध्यक्षों के पदों पर नए चेहरों को मौका दिया है।

- आज रात आएंगे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन
- राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश रविवार सुबह पहुंचेंगे



## आज आएंगे राष्ट्रीय नेता

रविवार को होने वाली कार्यशाला में क्लास लेने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश जहां रविवार की सुबह को आएंगे, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का शनिवार की रात को आना तय है। इसके बाद रविवार की सुबह को 11.00 बजे से सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे। कार्यशाला का प्रारंभ 11.30 बजे से होगा। इसमें पांच सत्र होंगे। पहले एक साथ सभी की कार्यशाला होगी। इसके बाद अलग-अलग बैठकों का दौर चलेगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही सभी मंत्री, विधायक, सांसद भी रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सभी मंडलों और जिलों के नए अध्यक्षों के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों को भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। सभी पदाधिकारियों को केंद्र सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए कहा जाएगा। इसके अलावा उनको बताया जाएगा कि किस तरह से संगठन का काम करना है।

## खबर संक्षेप

### महंत ने रमन का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 25 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा को नव-निर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में स्थापित करने की दिशा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा लिया गया निर्णय हर्ष और गर्व का विषय है। नेता प्रतिपक्ष ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि इस महत्त्वपूर्ण विषय पर पूर्व में मेरे द्वारा दिये गए सुझाव को आपने संज्ञान में लिया और उसे सार्थक रूप प्रदान किया। यह निर्णय न केवल संविधान निर्माता के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का दीपस्तंभ भी बनेगा।



### सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला में आएंगे राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन

**रायपुर।** भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम होगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने बताया, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत तीन सितंबर को प्रदेशस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है, इसमें राष्ट्रीय महासचिव राधामोहन अग्रवाल विशेष रूप से रायपुर आएंगे। श्री सोनी ने बताया, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन है। इस पखवाड़े में सेवा के अनेक कार्य किए जाते हैं। इस बार का कार्यक्रम बहुत विस्तारित और जन भागीदारी के साथ बड़ी संख्या में अनेक गतिविधियां भाजपा की तरफ से सभी समाज को उसमें सहभागी बनाते हुए आयोजित की जाएंगी। इस दौरान रक्तदान शिविर, युवा मैराथन सभी स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जनता को निःशुल्क चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। स्वच्छता के कार्यक्रम ग्राम, जिला, मंडल स्तर पर किए जाएंगे जिसमें नदियों, तालाबों, महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की सफाई की जाएगी। इसके साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जो केन्द्रीय संगठन द्वारा तय है।

## सियासत : 90 प्रतिशत विकास कार्य भाजपा शासन की देन

# विकास कार्यों को बताया सामूहिक प्रगति का प्रतीक : शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



भाटापारा विधानसभा के ग्राम डोंगरिया में यादव समाज एवं सतनाम भवन का लोकार्पण पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने भवन के लोकार्पण अवसर पर कहा कि यह भवन सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और गांव की सामूहिक प्रगति का प्रतीक है।

- डोंगरिया में यादव समाज एवं सतनाम भवन का लोकार्पण

सभा को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि डोंगरिया गांव में अब तक जितने भी विकास कार्य हुए हैं, उनमें से 90 प्रतिशत भारतीय जनता पार्टी की सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से संभव हुए हैं। सड़क, शिक्षा, नहर सिंचाई, सामाजिक भवनों, सीसी रोड एवं पेयजल जैसे कार्यों में भाजपा सरकार ने प्राथमिकता दी है। उन्होंने डोंगरिया की प्राथमिक शाला की मरम्मत की घोषणा भी की।

**भाजपा की योजनाओं का उल्लेख:** कार्यक्रम में किसान नेता अनिल पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो भी वादे किए थे, उन्हें पूरा किया है। चाहे वह अयोध्या में राम मंदिर निर्माण हो, अनुच्छेद 370 का हटाया जाना हो या तीन तलाक का कानून—हर क्षेत्र में भाजपा ने ठोस काम किया है। उन्होंने ग्रामीणों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन करने की अपील की।

**मंच पर मौजूद रहे अनेक जनप्रतिनिधि:** इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार आनंद यादव, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे, जिला पंचायत प्रतिनिधि आनंद बंजारे एवं दीप्ति गोविंद वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छगन वर्मा, भागवत वर्मा, हीरा वर्मा, ओमप्रकाश जायसवाल, बसंत सेन, जंभेश्वर साहू, डमरू वर्मा और राजू जायसवाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई।

# महिलाओं को किया गया सम्मानित, खेलों के माध्यम से सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम पंचायत संकरी में शनिवार को नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित एक भव्य झांकी एवं खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित करना और उनके अधिकारों को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत में महिलाओं को उपहार स्वरूप गिफ्ट भेंट किए गए। इसके पश्चात रस्सी दौड़, कुर्सी दौड़, खो-खो, फुगड़ी और लंबी दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ। इन खेलों में महिलाओं और युवतियों के साथ-साथ ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ये गतिविधियां मनोरंजन के साथ-साथ महिलाओं के आत्मविश्वास और सामूहिकता के प्रतीक बनीं।



**जनप्रतिनिधियों की रही उल्लेखनीय उपस्थिति :** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य खेमराज साहू, सरपंच हरिश वैष्णव, नवापारा सरपंच डोमार मारखंडे, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल रहे। सभी ने इस आयोजन को प्रेरणादायी बताते हुए महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक योगदान की सराहना की।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल

इस कार्यक्रम ने नारी शक्ति के महत्व को केवल रेखांकित ही नहीं किया, बल्कि ग्रामीण स्तर पर उनके सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम भी सिद्ध हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिलाओं में आत्मसम्मान, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो समाज को समरस और प्रगतिशील बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

# सीआरजीबी के ब्रांच मैनेजर का हुआ सम्मान



**हथबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक हथबंद में पदस्थ ब्रांच मैनेजर गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव का क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर स्थानांतरित होने पर सद्भावना मंच सिमगा भाटापारा परिक्षेत्र के अध्यक्ष मुबारक हुसैन, महिला विंग की अध्यक्ष फिरोजा निकहत व उनकी टीम ने शाल श्रीफल, अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विप्र समाज के अध्यक्ष संतोष दीवान, पंचायतीराज के प्रथम सरपंच सुरेश यादव, वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शुक्ला, मानव अधिकार के सुहेला के अध्यक्ष सुभाष मिश्रा, बैंक स्टाफ के नीलम पटले, विकास राणा, कृष्णा वर्मा, बैंकिंग करेस्पांडेंट के ओंकार प्रसाद, कोमल ध्रुव, चन्द्र प्रकाश, क्लस्टर प्रमुख गीता यादव, सविता हलधर देशना मेडम, प्रेमलता वर्मा, मीना चतुरे उपस्थित रहे। सद्भावना मंच के अध्यक्ष मुबारक हुसैन ने श्रीवास्तव सर के सहज सरल और सहयोगी भावना को स्मरण किया। अतिथियों द्वारा प्रकृति पूजा के द्योतक पेड़ में जल डालकर सभा की शुरुआत की। अंत में राष्ट्रगान से सभा की समाप्ति हुई।

# हथबंद स्कूल में एनएसएस पदाधिकारियों का चयन

**हथबंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं सेवकों की बैठक आयोजित कर पदाधिकारियों का चयन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना में दल नायक जितेंद्र यादव, दल नायिका मीनाक्षी कोसले, सोशल मीडिया प्रभारी लक्ष्मी चेलक, माई भारत संयोजक खुशबू पाल, स्वस्थ एवं योग संयोजक मुस्कान चतुरे, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक यामिनी चतुरे, व्यायाम संयोजक प्रवीण वर्मा, स्वच्छता संयोजक वेदांग निषाद, रैली प्रभारी आमीन बंजारे सचिव के रूप में पूर्णिमा गजेन्द्र का चयन कर उनको पूरे कार्य को ईमानदारी से करने का संकल्प दिलाया गया। श्री त्रिवेदी ने बताया कि इस सत्र 101 स्वयंसेवकों का चयन किया गया तत्पश्चात दल नायक जितेंद्र यादव एवं दल नायिका मीनाक्षी कोसले के नेतृत्व में कार्यशाला आयोजित कर छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती समारोह आयोजित कर स्वयं सेवकों सेवकों द्वारा सामूहिक रूप से पुस्तक वाचन किया गया।



# चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज का हुआ शांतिपूर्वक सामाजिक चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पारागांव (आरंग) स्थित महानदी के पावन तट पर चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज का बहुप्रतीक्षित सामाजिक चुनाव सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद सहित ओडिशा के नुआपाड़ा जिले से जुड़े कुल 264 ग्रामों के प्रतिनिधियों ने इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लिया।चुनाव में समाज की न्याय कमिटी, ट्रस्ट कमिटी, शिक्षण समिति और महिला प्रतिनिधियों का चयन किया गया। प्रमुख रूप से रायपुर राज न्याय कमिटी में अध्यक्ष केशव चंद्राकर (खुसरूपाली) और सचिव हुलास चंद्राकर (गाजर) चुने गए। ट्रस्ट कमिटी के अध्यक्ष देवेन्द्र चंद्राकर (महासमुंद) एवं सचिव देवेन्द्र चंद्राकर बने। इस चुनाव के जरिए रायपुर राज से 16 केंद्रीय (प्रदेश) प्रतिनिधि चुने गए, जबकि राज अध्यक्ष और सचिव स्वतः पदेन प्रदेश प्रतिनिधि होंगे। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहू कुर्मी समाज में कुल 60 केंद्रीय प्रतिनिधि होते हैं। रायपुर राज के प्रतिनिधियों के चुनाव के बाद अन्य राज्यों के चुनाव पूर्ण होने पर प्रदेश स्तर का चुनाव आयोजित किया जाएगा। चुनाव समाज की एकता और आपसी समझ का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

### शिक्षण कमिटी एवं चुनाव संचालन टीम

शिक्षण कमिटी में इस बार रोमनाथ चंद्राकर (तेन्दुकोना), भीमसेन चंद्राकर (घुचापाली), गौरव चंद्राकर (झलप), चिंतामणि चंद्राकर और योगेश चंद्राकर को शामिल किया गया है। ये सदस्य समाज की शिक्षा नीति एवं योजनाओं के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी भैयालाल चंद्राकर के नेतृत्व में एक सक्षम टीम कार्यरत रही, जिसमें सहायक अधिकारी के रूप में नीरज चंद्राकर, प्रभात चंद्राकर, अनिल चंद्राकर, राजकुमार चंद्राकर, नेहरू चंद्राकर और होमकान्त चंद्राकर ने सक्रिय योगदान दिया। चुनाव की जानकारी और प्रचार-प्रसार का दायित्व मीडिया प्रभारी प्रशांत चंद्राकर ने संभाला।

### निर्वाचित केंद्रीय प्रतिनिधि – न्याय व ट्रस्ट कमिटी

रायपुर राज के सामाजिक चुनाव में न्याय कमिटी से पांच केंद्रीय प्रतिनिधि निर्वाचित हुए, जिनमें वतन चंद्राकर (रसनी), हिम्मत चंद्राकर (फरफोद), घनश्याम चंद्राकर (खरोरा), राजेन्द्र चंद्राकर (बिरकोनी) और लक्ष्मीनारायण चंद्राकर (परसदा) शामिल हैं। ट्रस्ट कमिटी से महेन्द्र चंद्राकर (खुसरूपाली), केदार चंद्राकर (रायपुर), नारायण चंद्राकर (बेलटुकरी), खुमेश चंद्राकर (बोडरा) और हीरासिंह चंद्राकर (मोखला) को केंद्रीय प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। वहीं महिला प्रतिनिधियों के रूप में विजयलक्ष्मी चंद्राकर (खरोरा) और मीना चंद्राकर (कोमा) ने स्थान प्राप्त किया है। ये सभी प्रतिनिधि प्रदेश स्तरीय कार्यों में समाज का नेतृत्व करेंगे।

# बस्तर में भारी बारिश से जनजीवन तबाह, सरकार मुआवजा तुरंत दे: बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। प्रभावित क्षेत्र के दौरा के दौरान उन्होंने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से फोन पर चर्चा कर उन्हें हालात की जानकारी दी तथा प्रभावित क्षेत्रों के लिए तत्काल मुआवजा राशि जारी करने और बाढ़ प्रभावित बस्तर के लिए विशेष राहत राशि जारी करने की मांग की है।

बैज ने कहा कि बस्तर में भारी बारिश से जनजीवन तबाह हो गया है। कई गांवों का संपर्क टूट गया है, अनेकों रास्ते बंद हो चुके हैं, सैकड़ों लोगों का घर बारिश से टूट चुका है, स्थितियां चिंताजनक हैं। बस्तर में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अनेक मार्ग बाधित हो गए हैं, दर्जनों गांव डूब गए हैं, उनका बाकी जगहों से संपर्क टूट गया है, लोगों के मकान गिर गए हैं, मवेशी बह गए हैं। कई वाहनों के बहने, डूबने की खबरें आ रहीं, एक पर्यटक परिवार बह गया, परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। अभी तक 8 लोगों की मौत की खबरें सामने आई है। लोगों के पास खाने के लिए अनाज नहीं है। उनके घरों का अनाज, मवेशी, मुर्गा-मुर्गी, बकरी-बकरा, गाय-बैल सब बारिश में बह गये हैं। सरकार द्वारा चलाये जा रहे राहत कार्य उतने प्रभावी नहीं हैं, सरकार प्रभावितों को मुआवजा, राशन और चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था तुरंत करे।



# कमिश्नर ने युक्तियुक्तिकरण की शिकायतों पर की सुनवाई शिक्षकों ने कहा- नियमों के विरुद्ध दूसरे स्कूल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने शुक्रवार को युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध रायपुर जिले के शिक्षकों के आवेदनों पर सुनवाई की। इस सुनवाई में शिक्षकों को भी बुलाया गया था, जिन्होंने आयुक्त के समक्ष अपनी बातें रखी। हरिभूमि ने सुनवाई में शामिल हुए कई शिक्षकों से बातचीत की। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि जिला स्तरीय समिति ने शासन की गाइड लाइन के विरुद्ध जाकर उन्हें दूसरे स्कूलों में भेजा है। कुछ शिक्षकों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण को लेकर जो नियमों के तहत कंडिका बनाई गई है, उसी का पालन नहीं हुआ है। इस तरह समिति ने नियमों का उल्लंघन किया है। इस पर समिति में शामिल अफसरों के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### केस 1

आरंग क्षेत्र के प्रायमरी स्कूल से तिल्दा में पदस्थ किए गए शिक्षक पुराणिक राम मनहरे ने बताया कि शासन ने युक्तियुक्तकरण के लिए नियम बनाए हैं, कंडिका 7 के नियम के तहत अतिशेष में कनिष्ठ शिक्षक को दूसरे स्कूल भेजा जाना है। वह वरिष्ठ शिक्षक के पद पर पदस्थ है। इसके बाद भी उसे भेजा गया है।

### केस 2

धरसींवा से अभनपुर प्रायमरी स्कूल में भेजी गई शिक्षिका शशि साहू ने बताया कि वर्ष 2014 में कंडिका 10-4 के तहत कनिष्ठ होने के कारण धरसींवा में रिक्त पद होने के कारण भेजा गया था। अब जब वह स्कूल में वरिष्ठ पद पर पदस्थ है, तो भी कनिष्ठ की जगह उसे भेजा गया है। इस तरह समिति ने नियम का पालन नहीं किया है।



### सुनवाई पूरी होने के बाद करेंगे निराकरण

युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समितियों के विरुद्ध आए आवेदनों पर सुनवाई अभी जारी है। शनिवार को रायपुर जिले के बचे आवेदनों पर आखिरी सुनवाई है। इसके बाद इन आवेदनों पर जिला स्तरीय समितियों का भी पक्ष सुना जाएगा। इसके बाद निराकरण किए जाएंगे।

**- महादेव कावरे,**
संभागायुक्त रायपुर

### केस 3

शिक्षक अश्विनी शर्मा ने बताया कि वह स्कूल में सिर्फ दो वरिष्ठ शिक्षक थे, जिसमें वह सबसे वरिष्ठ थे। अन्य शिक्षक कनिष्ठ हैं, जिनके स्थान पर उन्हें दूसरे स्कूल भेज दिया है, वहीं उनके नीचे वरिष्ठ शिक्षक को स्कूल का प्राचार्य बना दिया है। इस तरह युक्तियुक्तकरण में नियम का पालन नहीं हुआ है।

### केस 4

एक शिक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उसे भी नियम विरुद्ध दूसरे स्कूल में पदस्थ किया है। इसके विरुद्ध उसने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई है, लेकिन उसे उम्मीद थी कि सुनवाई में उसे इंसाफ मिलेगा, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। इसे देखकर लग रहा है कि दोबारा हाईकोर्ट की शरण में जाना होगा।

### सुनवाई से शिक्षक में असंतोष कहा-खानापूर्ति की जा रही

इस सुनवाई में शामिल होने के बाद संभाग आयुक्त के कक्ष से बाहर निकलने वाले शिक्षकों के चेहरों पर मायूसी रही। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि सुनवाई में मात्र खानापूर्ति की जा रही है। शिक्षकों ने बताया कि आवेदन के माध्यम से उनके द्वारा नियम विरुद्ध पदस्थापना की जो शिकायत की है, सिर्फ उसके बारे में ही सुनवाई में पूछा गया, जबकि सुनवाई के दौरान जिला स्तरीय समिति के अफसर भी मौजूद थे। इस संबंध में इन अफसरों से यह तक पूछा नहीं गया कि आवेदक के आरोप सही हैं या नहीं, अगर सही हैं तो नियम विरुद्ध पदस्थापना करने का कारण क्या था। कुछ शिक्षकों ने तो यह भी कहा कि उन्हें ठीक से सुना तक नहीं गया और आश्वासन देकर लौटा दिया।

### 83 आवेदनों पर हुई सुनवाई

संभाग आयुक्त बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद से आये शिक्षकों के आवेदन पर पहले ही सुनवाई कर चुके हैं, वहीं अब रायपुर जिले के आवेदनों पर सुनवाई कर रहे हैं। जिलेभर से करीब 183 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समिति के विरुद्ध शिकायत की है। शिक्षकों की संख्या ज्यादा होने के कारण दो दिन सुनवाई रखी गई है। पहले दिन करीब 83 आवेदनों पर सुनवाई की। यह सुनवाई दो पॉली में हुई।

## खबर संक्षेप



### 200 फुटपाथ व्यवसायियों को मिला प्रशिक्षण

**महासमुंद।** महासमुंद के स्ट्रीट फूड वेंडरों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण एवं किट, प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम स्थानीय स्टेशन रोड स्थित एक होटल में किया गया। प्रशिक्षण में फूड सेफ्टी से संबंधित जानकारी देकर ट्रेनर द्वारा दिया गया। जिसमें शहर के 150 वेंडरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद सभी वेंडरों को किट जिसमें ड्रेस व तौलिया सहित अनेक प्रकार के सामग्री एवं नासवी (नेस्ले) संस्था का प्रमाण पत्र तथा एफएसएसएआई का सर्टिफिकेट निःशुल्क प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम दिल्ली से संचालित नासवी संस्था जो स्ट्रीट फूड वेंडरों के हितों के लिए भारत के 25 राज्यों में अपनी सेवा दे रहे हैं, द्वारा किया गया। स्ट्रीट वेंडरों उक्त प्रशिक्षण दिलाने में समाजसेवी पंकज साहू का प्रमुख योगदान रहा। उन्होंने स्ट्रीट वेंडरों, फुटपाथ व्यवसायियों के हितों व अधिकार के लिए उन्हें जागरूक करने की दिशा में प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। नेस्ले द्वारा महासमुंद में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने में साहू का योगदान रहा। साहू उक्त संस्था के राष्ट्रीय सदस्य हैं। कार्यक्रम पश्चात पंकज साहू ने स्थानीय फुटपाथ लघु व्यवसायी संघ महासमुंद के 200 स्ट्रीट फूड वेंडरों को नासवी में विलय कर विधिवत सदस्यता दिलाया। अब फुटपाथ लघु व्यवसाई संबंद्ध नासवी महासमुंद के नाम से राष्ट्रीय संगठन बन गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्षता पंकज साहू, अतिथि खाद्य औषधि विभाग से शंखनाद भोई एवं मुंबई से जय मिश्रा (नासवी) तथा ट्रेनर पटना के विशाल आनंद सहित जबलपुर के प्रदीप तिवारी उपस्थित रहे।

## पेज 09 के शेष

### पेट्रोल टैंकर में ...

मच गई। घटना की जानकारी सबसे पहले गांव के कोटवार ने प्रशासन को दी, जिसके बाद पलारी पुलिस, तहसीलदार और एसडीएम घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाई और आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया।

### सुढेली में आबकारी ...

को पकड़ा। तलाशी के दौरान 15 लीटर क्षमता वाली तीन प्लास्टिक जरीकेनों में 45 बल्क लीटर और 5 लीटर की एक जरीकेन में 5 बल्क लीटर महुआ मदिरा बरामद की गई। जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग 10,000 आंका गया है, जबकि नष्ट की गई लाहन की कीमत 32,400 बताई गई है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ऑनलाइन मंगाए ...

और न ही उन्हें सोशल मीडिया पर प्रदर्शित करें। इससे आपराधिक धाराओं में फंसने की आशंका बढ़ जाती है।

**फोल्डेबल-डिजाइनर चाकू का चलन, लेकिन खतरा भी :** ऑनलाइन साइट्स पर मिलने वाले चाकू आकर्षक डिजाइन, रंग, और फोल्डेबल सुविधा के कारण तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ये सस्ते भी होते हैं और पोर्टेबल होने की वजह से आसानी से छिपाए जा सकते हैं। लेकिन पुलिस ने चेतावनी दी है कि इनका गैरकानूनी उपयोग या प्रदर्शन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

की नियमित व्यवस्था गौठान को आदर्श बना रही है। स्वास्थ्य जांच भी लगातार जारी है।

**प्रशासन ने किया निरीक्षण :** शिविर के दौरान तहसीलदार लवन टोण्ड्रे ने भी मौके पर पहुंचकर गौठान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सरपंच व चरवाहों से बात कर यह सुनिश्चित किया कि चारा-पानी की नियमित आपूर्ति हो रही है। उन्होंने इस मॉडल को अन्य ग्राम पंचायतों में भी अपनाने की सलाह दी।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम चकवे में युवा मुस्कान गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में 28 अगस्त 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन गणेशोत्सव एवं तीज पर्व के उपलक्ष्य में हुआ, जिसने पूरे ग्राम को कला और संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ माता एवं भारत माता की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रारंभिक चरण में क्षेत्रीय लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने दमदार नृत्य से हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य और एकल नृत्य की श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान प्रतिमा डांस ग्रुप (जांजगीर-चांपा) को मिला, जबकि युगल नृत्य में चूरकी-मुरकी (पिथौरा) ने बाजी मारी। एकल नृत्य में परी यादव (अछोला) प्रथम रही। सभी प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से इस आयोजन को सफल बनाया। आयोजन समिति के सदस्यों मोहित साहू, युगल साहू, संदीप साहू और अन्य ने इस सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई।

■ प्रतिभाओं ने दिया अद्भुत प्रदर्शन, हजारों दर्शकों ने उत्साह से लिया हिस्सा

## चकवे में गणेशोत्सव और तीज पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक रंगारंग महोत्सव

### पर्व का उल्लास और सामाजिक संदेश

ग्रामवासियों और उपस्थित जनों ने कार्यक्रम के दौरान गणेश चतुर्थी और तीज पर्व की शुभकामनाएं एक-दूसरे को दीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच तीजहरिन बहनों को विशेष बधाई दी गई। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा बल्कि सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का संदेश भी लेकर आया। रातभर चले इस भव्य आयोजन ने ग्राम चकवे को कला और संस्कृति के केंद्र में परिवर्तित कर दिया। डीजे डांस प्रतियोगिता ने जहां युवा प्रतिभाओं को मंच दिया, वहीं ग्राम के संगठन और एकता की मिसाल भी पेश की।



### दर्शकों की भागीदारी

प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम के मुख्य स्थल बजरंग चौक पर हुआ, जहां आसपास के गाँवों और विभिन्न अंचलों से हजारों दर्शक जमा हुए। पूरे स्थल पर दर्शकों की भीड़ इतनी थी कि चौक मानो खचाखच भर गया था। इस आयोजन ने सांस्कृतिक माहौल को जीवंत कर दिया।

## सूखे खेतों और मुरझाई फसलों से चिंतित किसानों ने किया रतजगा और हवन पूजन

# अर्जुनी में बारिश की कामना को लेकर देवराज इंद्र की विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



क्षेत्र में लंबे समय से झमाझम बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल सूखने लगी है। खेतों की दरारें और पीले पड़ते पौधों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश की कमी से उत्पन्न संकट को टालने और अच्छी वर्षा की कामना के लिए ग्राम अर्जुनी के गांधी चौक में शुक्रवार को देवराज इंद्र की मूर्ति स्थापित कर विशेष पूजा-अर्चना और रतजगा किया गया।

रामधुनी और भजन-कीर्तन में झूमे ग्रामीण, शनिवार को हुआ हवन और मूर्ति विसर्जन पूजा के दौरान गांववासियों ने रतजगा करते हुए रघुपति राघव राजा राम की रामधुनी की। ग्रामीण लगातार देवराज इंद्र की परिक्रमा करते रहे और बारिश के लिए प्रार्थना करते रहे। शनिवार को गांव की सभी दुकानें बंद रखकर सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित की गई। दिनभर चले हवन पूजन के बाद देवराज इंद्र की प्रतिमा को गांव के तालाब में विधिपूर्वक विसर्जित किया गया।

प्रशासन द्वारा धान की फसल को बचाने के लिए नहरों में पानी छोड़ा गया है, परंतु लगातार एक महीने से बारिश न होने के कारण खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। नमी की कमी से फसल मुरझाने लगी है, जिससे अकाल की चिंता गहराने लगी है।

### ग्रामवासियों की दिखी एकजुटता

इस विशेष आयोजन में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि डोमन वर्मा, जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों की आस्था, एकजुटता और पर्यावरण के प्रति चिंता इस आयोजन में साफ नजर आई।

## होमगार्ड में चयनित अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में संचालित निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग से होमगार्ड परीक्षा में सफल हुए जिले के सभी 7 अभ्यर्थियों क़ा शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी चयनित अभयर्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।इसके पूर्व सभी चयनित अभ्यर्थियों ने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात की और नवप्रेरणा कोचिंग संचालित करने पर जिला प्रशासन को धन्यवाद दिये। कलेक्टर श्री सोनी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रोत्साहित किया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिये।

होमगार्ड परीक्षा में सफल अभ्यर्थी जिले के नवप्रेरणा कोचिंग से सफल हुए होमगार्ड परीक्षा के 7 अभ्यर्थी हैं भोजकुमारी साहू, तनु वर्मा, निशा वर्मा, शनिला मनहरे, सुनिता पैकरा, खेमेश्वरी मिरी और संगीता। इनके सफल होने से कोचिंग की प्रभावशीलता स्पष्ट होती है।

### नवप्रेरणा कोचिंग का उद्देश्य

निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग का उद्देश्य जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रभावी तैयारी का अवसर प्रदान करना है, जिससे वे सरकारी नौकरी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें।

## श्री नवयुवा मित्र मंडल टंडवा ...

**खरोरा** । ग्राम पंचायत टंडवा तिल्दा पुरानी बस्ती मे प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री नवयुवा मित्र मण्डल टंडवा इस बार कुछ अलग गणेश पंडाल बनाया है जो लोगो मे चर्चा का विषय बना हुवा है समिति के संचालक कमलेश निर्मलकर एवं अध्यक्ष कैलाश निषाद, ने बताया की पिछले बार केदार नाथ धाम का पंडाल बनाये थे जोकि काफी काबिले तारीफ रहा । इस बार भी भगवान राम जी के वनवाश के बाद हनुमान से मिलन जंगल मे हुवा जिसे पंडाल के माध्यम दर्शाया गया है जो लोगो मे चर्चा का विषय बना हुवा है सात ही सभी सदस्यगण संजू, हुमन, नीरज, रवि, गीतू, सिम्पु, गुलशन, रोशन, लक्की, आयुष, सभी सदस्य गन जोरो सोरो से सेवा मे लगे हुए है ।



## लाहोद सुभाष चौक में हुआ तिजहारिन खेल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुडा

छत्तीसगढ़ अंचल के प्रमुख पारंपरिक पर्व तीजा-पोरा के उपलक्ष्य में ग्राम लाहोद के सुभाष चौक में 'तिजहारिन खेल उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन लगातार पांचवें वर्ष किया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश जी की पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया।

खास बात यह रही कि आयोजन पूरी तरह से महिलाओं और बच्चों को समर्पित था। व्रती महिलाओं के लिए फुगड़ी, मटका फोड़, कुर्सी दौड़, दौड़कर गिलास इकट्ठा करना जैसे खेल आयोजित किए गए। वहीं बच्चों के लिए 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़ और माथे से बिस्किट खाने जैसे मनोरंजक खेल शामिल थे। आयोजन में रमसिल्ला, सवाना बाई ध्रुव, देवमति पटेल, लल्ली साहू और मनी पटेल जैसी तीज व्रती महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ अंचल में तीजा-पोरा पर्व मातृशक्ति के समर्पण और आस्था का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है, जिसमें महिलाएं 24 घंटे का निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। दूसरे दिन गणेश स्थापना के साथ पारंपरिक उत्सव होते हैं।



### आयोजन में सहभागिता और सम्मान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवध साहू, हिरालाल साहू, धनाराम पटेल, पंच निलेश, सरपंच किशोर साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्कार्फ, गमछा और श्रीफल देकर स्वागत किया गया। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति को सहेजने और नई पीढ़ी को उससे जोड़ने का प्रयास किया गया, जिसे सभी ने सराहा।

## छात्राओं को किया साइकिल वितरण



**खरोरा ।** खरोरा के समीपस्थ ग्राम माठ के शा. पूर्व मा. विद्यालय में आयोजित एक सादे समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने शासकीय योजना के तहत 21 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया । इस अवसर पर सरपंच विनय वर्मा, उप सरपंच वेद प्रकाश वर्मा, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकायें तथा सुकन्या महिला समूह ग्राम माठ की महिलाएं सम्मिलित रहे ।

## जनप्रतिनिधियों की हुई विशेष बैठक

**सिमगा।** सिमगा जनपद कार्यालय में जनप्रतिनिधियों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष दौलत पाल ने की बैठक में विभिन्न स्तर के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई बैठक में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि दीप्ती गोविन्द वर्मा, जिला पंचायत सभापति शशि आनंद बंजारे, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सिमगा जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे तथा नयापारा सरपंच डोमन मार्कण्डेय उपस्थित रहे । इस अवसर पर जनपद क्षेत्र के विकास कार्यों, पंचायत स्तरीय योजनाओं तथा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया।



## सामूहिक पुस्तक वाचन से शुरू हुआ उत्सव, बच्चों-पालकों ने बढ़ाया जोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25 वर्षों के रजत जयंती वर्ष पर प्राथमिक शाला कानाकोट में शासन के निर्देशानुसार रोजाना विविध आयोजन हो रहे हैं। पहले दिन शाला के प्रधान पाठक भूमिता कुर्रे, शिक्षिका सुनीता साहू व शिक्षक कान्हा साहू के मार्गदर्शन में बच्चों एवं पालकों ने सामूहिक पुस्तक वाचन में हिस्सा लिया। इस आयोजन ने बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और पुस्तकों के प्रति लगाव को और गहरा किया।

दूसरे दिन शाला के 2000 के बाद के पूर्व छात्रों की एलूमिनी बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा कर वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया। तीसरे दिन बच्चों ने ग्राम और शाला का इतिहास अपने बुजुर्गों से पूछकर लिखा और उसे स्कूल में प्रस्तुत किया। इस लेखन में कानाकोट के पुराने दिनों के खानपान, पहनावे, परिवहन और स्कूल की पुरानी सुविधाओं का वर्णन शामिल था। यह जानकारी प्रदर्शनी के रूप में भी स्कूल में रखी गई है, जिसे बच्चे और अभिभावक दोनों देख रहे हैं। शाला के पहले दिन आयोजित सामूहिक पुस्तक वाचन कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी पसंदीदा पुस्तकें पढ़ीं। पालकों ने भी बच्चों के साथ भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करना और पारिवारिक सहभागिता बढ़ाना है। इस आयोजन ने बच्चों के आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को भी बढ़ावा दिया।

### एलूमिनी बैठक एवं इतिहास लेखन

पूर्व छात्रों की बैठक में शिक्षा और जीवन के अनुभव साझा किए गए। इस बैठक का मकसद विद्यार्थियों को प्रेरित करना और उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाना था। ग्राम और शाला के इतिहास लेखन में बच्चों ने अपने गांव की पुरानी परंपराओं, जीवनशैली और स्कूल के बदलते समय को विस्तार से लिखा, जो शाला में एक प्रदर्शनी के रूप में सजाया गया है। यह पहल बच्चों में स्थानीय संस्कृति और इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित हो रही है।

## मेज़र ध्यानचंद जयंती पर बच्चों ने दिखाई खेलों में उमंग और जोश

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर नपं खरोरा में हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर पंचायत खरोरा परिसर में विविध खेलकूद एवं फिट इंडिया मूवमेंट से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत संचालित शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की।

कबड्डी, कुर्सी दौड़ सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने खेल कौशल एवं टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी सहित नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन खेल भावना और अनुशासन का प्रेरक उदाहरण है। हमें फिटनेस और खेलों को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए, जिस हेतु नगर अध्यक्ष द्वारा शपथ भी दिलाया गया।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष, सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष, सुमीत कुमार सेन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद प्रतिनिधि, अनिल सोनी तथा पार्षदगण- डॉ. सुरेन्द्र गिलहरे, मनीषा कोशले, राहूल मरकाम, दामिनी हेमंत देवांगन, शेखर देवांगन, हेमलता नशीने, जय प्रकाश वर्मा, तामेश्वर मरकाम, लीला बाई देवांगन, पंचराम यादव, पूर्णेन्द्र (पूनम) पाध्याय, शरद साहू, अंबिका बन्छोर, राकेश कुमार देवांगन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, डोमार साहू, अधिकारी/कर्मचारीगण, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में फिट इंडिया के संकल्प को दोहराते हुए बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# खरीफ खेती के लिए नहर से पानी पहुंचाने प्रशासन की टीम मुस्तैद

## कलेक्टर ने महानदी मेन केनाल एवं शाखा नहर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ सीजन में धान की खेती के लिए नहर से पानी पहुंचाने जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग की टीम फील्ड में मुस्तैद होकर मॉनिटरिंग एवं आवश्यक समन्वय किया जा रहा है ताकि नहर से पानी खेतों तक जल्द पहुंचाया जा सके। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को ग्राम कनकी के पास महानदी गंगरेल बांध के मुख्य नगर एवं ग्राम कुकदा के पास शाखा नहर का जायजा लिया और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग कर टेल एरिया तक प्राथमिकता से पानी पहुंचाने के निर्देश दिये।



### रेस्ट रेस्ट हाउस का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने महानदी मेन कैनाल के गेट एवं पानी की मात्रा का जायजा लिया तथा जल प्रवाह मॉनिटरिंग पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने मॉनिटरिंग टीम को सतर्कता से कार्य करने तथा हर 2 घण्टे में जल प्रवाह की स्थिति दर्ज करने कहा। उन्होंने विभाग के रेस्ट रेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया और बेहतर रख-रखाव के निर्देश दिये।

बताया गया कि महानदी गंगरेल बांध मुख्य नहर से लवन शाखा नहर एवं बलौदाबाजार शाखा नहर जिनकी लम्बाई क्रमशः 69 किलोमीटर और 72 किलोमीटर से पानी छोडा गया है। इसके साथ ही भाटापारा क्षेत्र के लिए भी शाखा नहर है। वर्तमान में लवन शाखा नहर में 1298 क्यूसेक मीटर एवं बलौदाबाजार शाखा नहर में 671 क्यूसेक मीटर पानी छोड़ा जा रहा है जो नहर की अधिकतम क्षमता है। शाखा एवं वितरक नहरो की जिले में कुल लम्बाई 760 किलोमीटर है जिससे 323 ग्राम की 2 लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उयलब्ध होती है। इस दौरान कार्यपालन अभियंता वीरेन्द सिरमौर, एसडीओ अलोक नागपुरे एवं सूरज वर्मा मौजूद थे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
29 अगस्त 2025
SHOW TIME
परम सुदंरी
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
दंतेला (छ. ग.)
शो समय - 12:00,3:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### नहर फ्लोरिंग में लापरवाही सालभर में उभरी दरारें

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत मोपका में भाटापारा शाखा नहर का लाईन को फ्लोरिंग किया गया है वह कई जगहों पर दूर गया है व दरार भी बड़ी हुए हैं नहर लाईन को फ्लोरिंग करने ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य सही ढंग से नही किया गया हैं। वहीं यह कार्य बीते वर्ष इस नहर का फ्लोरिंग किया गया है।

### भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छांदनपुर में छोटे भाई के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस को रोहित बरिहा ने बताय कि हम तीन भाई है। मैं सबसे छोटा हूं, बड़ा भाई छांदनपुर बस्ती में रहता है। प्रार्थी और उसका मंझला भाई रोड किनारे के मकान में रहते हैं। 29 अगस्त गजेंद्र बरिहा एवं उसका लड़का अमर आये और पिता त्रिलोचन के साथ झगड़ा विवाद क्यों हो कहते मारपीट की।

### कुर्मी समाज रायपुर राज के अध्यक्ष बने केशव

**महासमुंद।** कुर्मी समाज खरोरा के मीडिया प्रभारी मुकेश चंद्राकर ने बताया कि चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर व सचिव हुलास चंद्राकर को दूसरी बार सामाजिक मुख्य दायित्व मिला है। इस पर सामाजिकजनों ने हर्ष जताया है।



### वृंदावन के छात्र राज का एकलव्य में चयन

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन में अध्ययनरत कक्षा छठवीं के छात्र राज बाघ पिता निरंजन बाघ का एकलव्य विद्यालय भोरिंग (तुमगांव) के लिए चयन हुआ है। जिसकी परीक्षा 02 मार्च 2025 को हुई थी। इस उपलब्धि से पूरा शाला परिवार गौरवान्वित है। शाला के संचालक एमआर विश्वनाथन व संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, रेखा साहू समेत सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।



### हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। धरनास्थल से महासमुंद में रैली निकाल कर कांग्रेस भवन चौक के सामने शासन प्रशासन द्वारा दमनकारी नीति अपनाए जाने पर कर्मचारी अमरदीप मरकाम के अकस्मात ह्दयाघात से मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कहीं न कहीं मानसिक दबाव मिला एव शासन-प्रशासन द्वारा नोटिस पत्र को जला दिया गया और कृत्य को तेरह दिन के हड़ताल को तेरहवीं के रूप में मनाया गया। आम जनता के बीच मांगों से अवगत कराया। महिला कर्मचारियों ने तीजा, गणेश चतुर्थी निभाते हुए धरनास्थल पर डटे रहकर आंदोलन का समर्थन किया। उधर, कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाने से उपस्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं।

## निरीक्षण : किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के दिए

# कलेक्टर ने खाद भंडारण व वितरण का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी शनिवार को पलारी विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक सहकारी सेवा समिति अमेरा एवं कुसमी पहुंचे।उन्होने भण्डारण क़क्ष में भण्डारित उर्वरको का निरीक्षण किया और समिति प्रबंधक से भण्डारण , वितरण एवं उर्वरक मांग की जानकारी ली। उन्होने समिति प्रबंधको को निर्देशित किया कि किसानों को जरुरत अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराएं। किसानों को उर्वरक लेने में कोई दिक्कत न हो।

■ टेल एरिया तक पानी पहुंचाना रहेगी प्राथमिकता



### अमेरा में 6300 बोरी खाद का भंडारण

अमेरा सहकारी समिति में इस समय एनपीके 500 बोरी, एसएसपी 500 बोरी, एसएसपी दानेदार 740 बोरी, डीएपी 1000 बोरी, पोटाश 900 बोरी और यूरिया 400 बोरी सहित कुल 6300 बोरी खाद का भंडारण एवं वितरण किया गया है। समिति स्तर पर खाद वितरण की व्यवस्था संतोषजनक बताई गई।

कलेक्टर ने उर्वरक लेने पहुंचे किसानों से भी चर्चा की और खाद मिलने के सम्बन्ध में पूछ ताछ की। किसानों ने बताया कि उर्वरक की कोई समस्या नहीं है। जरुरत अनुसार समितियों में खाद मिल रहा है। किसानों ने खेती के लिए नहर से आपसी की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि पहले टेल एरिया तक पानी पहुंचाना प्राथमिकता है। एक बार अंतिम छोर के गांव तक पानी पहुंचने के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी खेतों में पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

कुसमी समिति में एनपीके 1600 बोरी, एसएसपी 400 बोरी, डीएपी 1350 बोरी, पोटाश 300 बोरी और यूरिया 4466 बोरी सहित कुल 8288 बोरी खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से अब तक 7716 बोरी का वितरण किया जा चुका है। वितरण के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व का तीसरा दिवस, सुमन लता मोदी ने बताया उत्तम आर्जव का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व का तीसरा दिन भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ज्ञान से परिपूर्ण रहा। आज का दिन 'उत्तम आर्जव धर्म' को समर्पित था, जिसमें जैन धर्म के सिद्धांतों पर गहन चर्चा हुई।

■ शांति धारा का सौभाग्य मोदी परिवार को, श्रद्धालुओं ने उठाया धर्म लाभ

कार्यक्रम की शुरुआत श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान की प्रतिमा को मस्तक पर विराजमान कर जितेंद्र रेखा जैन द्वारा पाण्डुक शिला में विराजमान करने से हुई। इसके बाद मंगल अभिषेक और शांति धारा का आयोजन किया गया, जिसमें जितेंद्र रेखा जैन परिवार एवं अरिंजय-अविरल मोदी परिवार को धर्मलाभ प्राप्त हुआ। पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान की मंगल आरती की गई और पूरे मंदिर परिसर में भक्ति का वातावरण व्याप्त रहा। धर्मसभा को संबोधित करते हुए सुमन लता मोदी ने 'उत्तम आर्जव' धर्म पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि हमारे आचरण का गहरा प्रभाव हमारे बच्चों पर पड़ता है। सरलता, सत्यता और पारदर्शिता ही आर्जव धर्म का मूल है। उन्होंने यह भी कहा कि मायाचारी व्यक्ति खुद को ही ठगता है, क्योंकि उसके मन, वचन और कर्म में एकरूपता नहीं होती।



### 'उत्तम आर्जव' से जीवन में आती है पारदर्शिता

सुमन लता मोदी ने कहा कि जिस प्रकार मृदु से मार्डव शब्द बनता है, उसी तरह ऋजु से आर्जव उत्पन्न होता है। सरलता और निष्कपटता जीवन को ऊँचाई देती है। उन्होंने समझाया कि मायाचारी व्यक्ति बाहर से कुछ और, भीतर से कुछ और होता है। लेकिन कर्मों का दंड एक दिन सबको भोगना ही पड़ता है। बच्चे हमारे व्यवहार को ही सीखते हैं, इसलिए जीवन में निश्चलता जरूरी है, उन्होंने कहा।

### श्रद्धा और भक्ति का मिला व्यापक प्रतिसाद

धार्मिक आयोजन के अंतिम चरण में अभिनंदन मोदी द्वारा जिनवाणी स्तुति प्रस्तुत की गई और रात्रिकालीन आरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में नवीन, नितिन, सचिन, पंकज गदिया, प्रकाश, आलोक, विनोद, अभिषेक, अभिनव, अरिंजय, अविरल, सुमन लता, रजनी, नेहा, सुरभि मोदी, अभिलाषा जैन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा पर हुई जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष दीपक सोनी के निर्देशानुसार शनिवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजुर ने उपस्थित छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व और वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए सावधानी बरतने के सारगर्भित विचार साझा किए। उन्होंने कहा, आपकी सतर्कता ही जीवन रक्षा की पहली सीढ़ी है।

### साक्षरता अभियान का योगदान

जिला परियोजना अधिकारी आर. सोमेश्वर राव ने छात्र-छात्राओं को स्वयंसेवी शिक्षक बनकर असाक्षरों को साक्षर करने तथा बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी को साक्षरता शपथ दिलाई और इस महत्वपूर्ण सामाजिक कर्तव्य के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र टण्डन एवं नरेश कुमार वर्मा, नोडल अधिकारी ऋतु शुक्ला, तथा विभिन्न विकासखंडों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

### प्रतियोगिता में विजेता स्कूल

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बलौदाबाजार ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कसडोल को मिला, जबकि तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिसीद (कसडोल) के नाम रहा। इसके अतिरिक्त, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतरेंगी (पलारी), दतान-प (पलारी), पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल सिमगा, पंचम दीवान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटुवा (बलौदाबाजार) को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

### मोरधा स्कूल में हुआ पुस्तक वाचन कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला मोरधा में पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासी, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत की मुखिया सरपंच चम्पेश्वरी साहू, हेमंत कुमार साहू, वरिष्ठ शिक्षक जनक राम लोधी, ग्राम प्रमुख सालिक राम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शमा साहू समेत 65 लोगों ने 90 पुस्तकों का वाचन किया गया।



# कल से प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों में ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं अपनी वर्षों पुरानी मांगों और बढ़ती उपेक्षा के विरोध में अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। 1 सितंबर 2025 को प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में तालाबंदी की जाएगी और एक लाख से अधिक महिला कार्यकर्ता काम बंद कर अपने-अपने जिलों में रैली, धरना और प्रदर्शन करेंगी।

धनेश्वरी भास्कर, अध्यक्ष (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परियोजना) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देशभर में 27 लाख से अधिक महिलाएं आंगनबाड़ी में सेवाएं दे रही हैं, परंतु सरकार न इन्हें मजदूर मानती है, न कर्मचारी। मानदेय कम, जिम्मेदारियां अधिक, संसाधन शून्य और दमन निरंतर — इस दोहरे व्यवहार ने महिला कार्यकर्ताओं को आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है। विभागीय अधिकारियों को समस्याएं बताने पर कार्यकर्ताओं की आवाज दबाई जाती है। रायपुर की प्रांतीय सचिव सुमन यादव का मामला इसका उदाहरण है, जिन्हें 2023 में मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया और अब तक न्याय लंबित है।

### कार्यकर्ता-सहायिकाएं होंगी हड़ताल पर



### मांगों को लेकर बैठकें बेअसर

आंगनबाड़ी संघ के प्रतिनिधियों ने समस्याओं के समाधान के लिए सचिव, संचालक और जिलाधिकारियों से लेकर शासन स्तर तक पत्राचार और मुलाकातें कीं, लेकिन कोई सार्थक पहल नहीं हुई। इसीलिए अब 1 सितंबर को प्रदेश की सभी 33 जिलों में कार्यकर्ता धरना देंगी और प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगी।

### काम अधिक, संसाधन नहीं

भले ही विभाग आईएफसी, ई-केवाईसी, पोषण ट्रैकर जैसे आधुनिक डिजिटल टूल्स से कार्य करवा रहा है, लेकिन फील्ड में कार्यरत अधिकांश महिलाओं के पास 5G मोबाइल, टैबलेट और पर्याप्त नेटवर्क की सुविधा नहीं है। इसके बावजूद उनसे ऑनलाइन कार्य की पूर्णता की अपेक्षा की जाती है, जो व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। इन मुद्दों को बार-बार उठाने पर भी शासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई।

# धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**भाटापारा।** ग्राम मोपका में विश्व आदिवासी दिवस शुक्रवार को मनाया गया जिसमें सुआ दल व कर्मा नृत्य आदिवासी यो के द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि-बंशीलाल नेताम अध्यक्ष मावली महा सभा सिंगारपुर अध्यक्षता संतराम नेताम अध्यक्ष मोपका चक अतिथिगण अमर मंडाती जिला पंचायत सदस्य कूपाराम छेद इहा प्रवक्ता मावली महा सभा टेकसिग ध्रुव पूर्व अध्यक्ष मावली महा सभा मेम सिग उईक अध्यक्ष कोयलारी चक दौलत कुंजाम अध्यक्ष टोनाटार चक उपस्थित थे। जिसमें 18 गांव के आदिवासी समाज मिल कर मोपका चक में विश्व आदिवासी दिवस मनाए गए आदिवासी गोंड समाज मोपका चक अध्यक्ष संतराम नेताम महा मंत्री मुरीत कुमार छेदईहा दीवान शौल कुमार नेताम संरक्षक दशरथ मरई सलाहकार लीलाराम मरकाम सचिव चैनू जगत के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।



## गणेशोत्सव की धूम ...



कटगी। बाल गणेशोत्सव समिति बस स्टैंड।

## किशोरियों, माताओं और आमजनों को मिला लाभ

# मेगा हेल्थ कैंप में सैकड़ों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ने जानकारी दी कि शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरियों एवं आमजन ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच, माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी जांच, शुगर जांच, मुख कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य सभी बीमारियों की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सुषमा महेश्वरी, डॉ. रितु बाघमार, डॉ. विनीता खूबचंदानी एवं डॉ. लोही महेश्वरी की टीम ने सक्रिय रूप से जांच एवं उपचार की सेवाएँ दीं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना, महिलाओं एवं किशोरियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है। शिविर की सफलता में स्वास्थ्य विभाग की टीम, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा।

■ महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से हुआ आयोजन



